Hindi - Number 23b
June 2022

# मेनिंजोकोकल क्वाड्रिवेलेंट वैक्सीनें
## Meningococcal Quadrivalent Vaccines

टीकाकरण ने पिछले 50 वर्षों में कनाडा में किसी भी अन्य स्वास्थ्य उपाय से अधिक जीवन बचाए हैं।

### मेनिंजोकोकल क्वाड्रिवेलेंट वैक्सीनें क्या हैं?

मेनिंजोकोकल क्वाड्रिवेलेंट वैक्सीनें टाइप 4 के मेनिंजोकोकल बैक्टीरिया से बचाती हैं: टाइप ए, सी, वाई और डब्ल्यू। वैक्सीनें या तो पॉलीसेकेराइड या कॉन्जुगेट वैक्सीनें हैं। बी.सी. में उपयोग की जानी वाली कॉन्जुगेट वैक्सीन बीमारी के खिलाफ लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा प्रदान करती है। वैक्सीन को हेल्थ कनाडा द्वारा अनुमोदित किया गया है।

### मेनिंजोकोकल क्वाड्रिवेलेंट कॉन्जुगेट वैक्सीन किसको दी जानी चाहिए?

ग्रेड 9 में बच्चों को यह वैक्सीन निःशुल्क दी जाती है।

मेनिंजोकोकल रोग के उच्च जोखिम वाले बच्चों और वयस्कों को भी वैक्सीन मुफ्त प्रदान की जाती है, जिनमें निम्न शामिल हैं वो लोग:

- जिनकी तिल्ली (spleen) नहीं, या तिल्ली जो ठीक से काम नहीं कर रही है
- जिनको पूरक, प्रोपर्डिन (properdin), फैक्टर डी या प्राथमिक एंटीबॉडी की कमी सहित प्रतिरक्षा प्रणाली विकार हैं
- जिनका आइलेट सेल या ठोस अंग प्रत्यारोपण हुआ है, या जो उस की प्रतीक्षा कर रहे हैं
- जिनका स्टेम सेल प्रत्यारोपण हुआ है
- जो मेनिंजोकोकल ए, वाई या डब्ल्यू रोग वाले व्यक्ति के साथ निकट संपर्क में रहे हैं, या जिनको पब्लिक हेल्थ द्वारा निर्धारित किया जाता है कि बी.सी. में प्रकोप के दौरान इनके साथ संक्रमण का खतरा है

वैक्सीन की सिफारिश की जाती है, लेकिन निम्नलिखित लोगों के लिए मुफ्त प्रदान नहीं की जाती है:

- प्रयोगशाला कर्मचारी जो नियमित रूप से मेनिंजोकोकल बैक्टीरिया के संपर्क में आते हैं
- सैन्य कर्मचारी
- मेनिंजोकोकल रोग के लिए उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में रहने वाले या यात्रा करने वाले

उच्च जोखिम वाले यात्रा क्षेत्रों की जानकारी के लिए किसी ट्रैवल क्लिनिक से संपर्क करें।

वैक्सीन आमतौर पर 1 खुराक के रूप में दी जाती है। कुछ लोगों को वैक्सीन की अतिरिक्त खुराकों की आवश्यकता हो सकती है। यह पता लगाने के लिए अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें कि क्या आपको वैक्सीन की अधिक खुराकों की आवश्यकता है और आपको यह कब लेनी चाहिए।

जो लोग मुफ्त वैक्सीन के लिए पात्र नहीं हैं, लेकिन मेनिंजोकोकल ए, सी, वाई और डब्ल्यू स्ट्रेन से सुरक्षित रहना चाहते हैं, वे अधिकांश फार्मेसियों और ट्रैवल क्लीनिकों में वैक्सीन खरीद सकते हैं।

प्राप्त किए गए सभी टीकाकरणों का रिकॉर्ड रखना महत्वपूर्ण है।

### वैक्सीन के क्या लाभ हैं?

वैक्सीन, मेनिंजोकोकल संक्रमण, एक गंभीर और कभी-कभी घातक बीमारी, से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है।

जब आप अपना टीकाकरण करवाते हैं, तो आप दूसरों की भी रक्षा करने में मदद करते हैं।

### वैक्सीन के बाद की संभावित प्रतिक्रियाएं क्या हैं?

वैक्सीनें बहुत सुरक्षित हैं। वैक्सीन प्राप्त करना मेनिंजोकोकल बीमारी से ग्रस्त होने से कहीं अधिक सुरक्षित है।

वैक्सीन के लिए सामान्य प्रतिक्रियाओं में वैक्सीन लगाए जाने वाले स्थान पर पीड़ा, लाली, और सूजन शामिल हो सकती हैं। वैक्सीन लगने के बाद सिरदर्द, मांसपेशियों में

बुखार या पीड़ा के लिए एसिटामिनोफेन (उदाहरणार्थ टायलेनॉल®) या इबुप्रोफेन* (उदाहरणार्थ एडविल®) दी जा सकती है। रे सिंड्रोम के जोखिम के कारण ASA (उदाहरणार्थ एस्पिरिन®) 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जानी चाहिए।

दर्द, थकान, ठंड लगना, बुखार और जी मिचलाना भी हो सकता है। ये प्रतिक्रियाएं हल्की होती हैं और आम तौर पर 1 से 2 दिनों तक रहती हैं।

*6 महीने से कम उम्र के बच्चों को पहले अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात किए बिना इबुप्रोफेन नहीं दी जानी चाहिए।

रे सिंड्रोम के बारे में जानकारी के लिए, HealthLinkBC File #84 रे सिंड्रोम देखें।

किसी भी वैक्सीन को प्राप्त करने के बाद 15 मिनट तक क्लिनिक में रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि एनाफिलेक्सिस नामक एक जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जिक प्रतिक्रिया की अत्यंत दुर्लभ, एक मिलियन में से 1 से कम, संभावना हो सकती है। इसमें पित्ती (hives), सांस लेने में कठिनाई या गले, जीभ या होंठ में सूजन शामिल हो सकती हैं। यदि यह प्रतिक्रिया होती है, तो आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता इसका इलाज करने के लिए तैयार है। आपातकालीन उपचार में एपिनेफ्रीन (एड्रेनालाईन) दिए जाना और एम्बुलेंस द्वारा निकटतम आपातकालीन विभाग में स्थानांतरण शामिल है। यदि लक्षण आपके क्लिनिक से जाने के बाद विकसित होते हैं, तो **9-1-1** या अपने स्थानीय आपातकालीन नंबर को कॉल करें।

गंभीर या अप्रत्याशित प्रतिक्रियाओं के बारे में हमेशा अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएँ।

## किसको वैक्सीन नहीं लगवानी चाहिए?

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें यदि आपको या आपके बच्चे को किसी भी मेनिंजोकोकल वैक्सीन की पिछली खुराक, या मेनिंजोकोकल क्वाड्रिवेलेंट कॉन्जुगेट वैक्सीन के किसी भी हिस्से पर जानलेवा प्रतिक्रिया हुई है।

ज़ुकाम या अन्य हल्कीबीमारी के कारण टीकाकरण में देरी करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि,अगर आपको चिंताएं है, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

## मेनिंजोकोकल संक्रमण क्या है?

मेनिंजोकोकल संक्रमण बैक्टीरिया के कारण होता है। टाइप ए, सी, वाई और डब्ल्यू के कारण मेनिंजोकोकल संक्रमण बी.सी. में बहुत दुर्लभ है। हालांकि दुर्लभ, यह मेनिन्जाइटिस, मस्तिष्क को ढकने वाले अस्तर का संक्रमण, और सेप्टीसीमिया, रक्त का संक्रमण सहित गंभीर और जानलेवा संक्रमण पैदा कर सकता है। बीमार होने वाले प्रत्येक 100 लोगों के लिए, 15 तक मर जाएंगे, भले ही उन्हें इलाज मिल जाए। संक्रमण की स्थायी जटिलताओं में मस्तिष्क क्षति, बहरापन और अंगों का नुकसान शामिल है।

मेनिंजोकोकल संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक खांसने, छींकने या आमने-सामने नज़दीकी संपर्क करने से फैलता है। यह लार के जरिए भी फैल सकता है। यह चुंबन या भोजन, पेय, सिगरेट, लिपस्टिक, पानी की बोतलें, खेल के लिए उपयोग किए जाने वाले माउथ गार्ड या संगीत वाद्ययंत्र के मुखपत्रों को सांझा करने जैसी गतिविधियों के माध्यम से हो सकता है।

## परिपक्व नाबालिग सहमति

यह अनुशंसा की जाती है कि माता-पिता या अभिभावक और उनके बच्चे टीकाकरण के लिए सहमति पर चर्चा करें। 19 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, जो प्रत्येक वैक्सीन के लाभों और संभावित प्रतिक्रियाओं और टीकाकरण करवाने के जोखिम को समझने में सक्षम हैं, कानूनी रूप से टीकाकरण के लिए सहमति दे सकते हैं या मना कर सकते हैं। परिपक्व नाबालिग सहमति के बारे में अधिक जानकारी के लिए HealthLinkBC File#119 द इन्फेन्टस ऐक्ट, परिपक्व नाबालिग सहमति और टीकाकरण देखें।

प्रतिरक्षण के बारे में अधिक जानकारी के लिए,www.immunizebc.caपर इम्यूनाइज़बीसी पर जाएं।

British Columbia ImmunizeBC

BC Centre for Disease Control
Provincial Health Services Authority